प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ नेता भाजपा और केंद्रीय सूचना व प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर वोट मांगती रही है। इसके विपरित भाजपा विकास, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए वोट मांगती है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज कांगड़ा के देहरा अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की संस्कृति तोड़ने की है जबकि भाजपा की संस्कृति जोड़ने की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने न सिर्फ बाबा साहेब भीमराव अंबेड़कर को प्रताड़ित किया बल्कि उन्हें राजनीतिक रूप से खत्म करने का काम भी किया। भोरंज विधानसभा के जाहू और घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज लोग कांग्रेस की वादा खिलाफी से आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि चार जून को जहां देश में पूर्ण बहुमत से मोदी सरकार बनेगी वहीं हिमाचल में भी भाजपा सरकार बनेगी और प्रदेश डबल ईंजन की रफ्तार से विकास करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले दस सालों के कार्यकाल में वंचित ही प्राथमिकता में रहे हैं। उन्होंने विपक्ष की रैलियों में संविधान बचाओं अभियान को मुद्दा बनाए जाने को भय और भ्रम की राजनीति करार दिया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर सेना का सशक्तिकरण किया है।

बैठक

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि सोलन ज़िला के परवाणु में तेजी से फैल रहे डायरिया पर जल्द ही काबू पा लिया जाएगा। उन्होंने डायरिया की रोकथाम को लेकर आज परवाणु में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में तीन टीमें गठित की गई जो डायरिया फैलने के कारणों को लेकर एक–दो दिन में अपनी रिपोर्ट देंगी। राज्यपाल ने लोगों से पानी उबाल कर पीने और पानी की टंकियों में क्लोरीन डालने का भी आग्रह किया ताकि इस जनित रोग पर शीघ्र काबू पाया जा सके। राज्यपाल ने बाद में ई.एस.आई. अस्पताल परवाणु जाकर डायरिया पीड़ितों का कुशल क्षेम जाना। उन्होंने प्रशासन को ई.एस.आई. की व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए ताकि पीड़ितों को बेहतर उपचार मिल सके।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहाकार नरेश चौहान ने कहा है कि पालमपुर की घटना से पूरे प्रदेश की कानून व व्यवस्था की स्थिति पर भाजपा द्वारा सवाल खड़ा करना गलत है। नरेश चौहान ने आज शिमला में कहा कि सरकार ने इस घटना के तुरंत बाद उचित कदम उठाए और पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दी जा रही है। नरेश चौहान ने चार जून के बाद प्रदेश में सरकार के गिर जाने के दावे को

अलोकतांत्रिक करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा के इस मॉडल को देख रही है और चुनाव में इसका जवाब देगी।

<u>सेवा दल</u>

प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रमुख अनुराग शर्मा ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने चुनाव आयोग पर दबाव डाल कर अनुबंध और दैनिक भोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण को रूकवा दिया है। अनुराग शर्मा ने आज शिमला में कहा है कि कर्मचारियों का नियमितीकरण एक रूटीन प्रक्रिया है। इसके लिए सरकार ने चुनाव आयोग से अनुमति मांगी थी लेकिन भाजपा के दबाव के चलते आयोग ने नियमितीकरण की फॉइल रोक दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आरंभ से ही कर्मचारी विरोधी रही है और इससे पहले भाजपा ने कर्मचारियों को पुरानी पैंशन देने का विरोध किया था।

<u>पास आउट</u>

कुल्लू ज़िला के शमशी स्थित एस.एस.बी. प्रशिक्षण केंद्र में आज 6 सौ 12 नव आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सपडी के उप–महानिरीक्षक मुकेश कुमार ने की और नव आरक्षियों को संविधान और सुरक्षा की शपथ दिलाई। इनमें 95 महिला नव आरक्षी भी शामिल हैं। 13 राज्यों के इन नव आरक्षियों को इंडो–नेपाल और इंडो–भूटान सीमा पर सुरक्षा में तैनात किया जाएगा। मुकेश कुमार ने कहा कि एस.एस.बी. ऐसी पहली यूनिट है जिसने अपनी पहली महिला बटालियन तैयार की है। उन्होंने कहा कि एस.एस.बी. सीमा की सुरक्षा के अलावा आंतरिक सुरक्षा में भी अपनी सेवाएं दे रहा है।

<u>स्वीप</u>

हमीरपुर ज़िला के बड़सर उप–मंडल के सोहारी गांव में स्थानीय महिलाओं के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत आज एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। पंजाब नेशनल बैंक ग्रमीण स्वरोजगार संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं को मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया।